# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम
33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, सैक्टर–18 प्रथम तल, अपोजिट सब मॉल, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)

दूरभाषः– 0120–2970431
ई–मेलः–se1.noida@pvvnl.org
CIN-U131200UPS5GC027458


पत्रांक : 654 /वि0न0वि0मं0–प्रथम/न0/निविदा दिनांक : 18/03/25

विषयः– ई–निविदा सूचना प्रकाशन के सम्बन्ध में।

विज्ञापन व्यवस्थापक
हिन्दुस्तान
नई दिल्ली।

विज्ञापन व्यवस्थापक
दैनिक जागरण
नोएडा।

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 19.03.2025 के अंक में कम से कम स्थान में हिन्दी समाचार पत्रों के लिये 8–10 प्वांइन्ट में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वांइन्ट में रनिंग मैटर में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हैडिंग के नीचे के नाम व पता यथा सम्भव एक लाइन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें। विज्ञापन में शीर्ष पर निगम का मोनोग्राम एवं सबसे नीचे इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक भी सबसे छोटे पठनीय टाईप में अवश्य प्रकाशित करें।

1. वर्गीकृत विज्ञापन दो कॉलम में (चौड़ाई 8 से0मी0) अथवा निविदा शुद्धिकरण/वैधानिक सूचनाओं को 1 कॉलम (चौड़ाई 4 से0मी0) में प्रकाशित करें निगम का नाम **''पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0'' 14 फोन्ट साईज B/W पट्टी तथा बोल्ड शब्दों (चौड़ाई 1 से0मी0)** में प्रकाशित करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियॉ अलग–अलग संलग्न करते हुए भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान संभव न होगा।
3. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री हिन्दी समाचार पत्र में हिन्दी भाषा में ही किया जाये। हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंग्रेजी भाषा पत्र की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा संबंधित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।
5. टेन्डर/सूचना इत्यादि उपरोक्त निर्धारित तिथि के बाद निगम की पूर्वानुमति के बिना कदापि प्रकाशित न करें।
6. यदि आपकी सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन डी0ए0वी0पी0 निदेशालय भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकार न हो तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
7. विज्ञापन के अंत मे सबसे छोटे टाइप में ''विद्युत हैल्पलाईन 1800–180–3002(मेरठ), 1800–180–8752 (लखनऊ)'' तथा ''राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें'' का नारा अवश्य प्रकाषित करें।
8. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका अथवा निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नकः–यथोपरि।

भवदीय

(विवेक कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता

SUPERINTENDING ENGINEER
Electricity Urban Distribution Circle-1
Paschimanchal Vidyut Vitran Nigam Ltd.
Noida (Gautam Buddh Nagar)

पत्रांक : 654 /वि0न0वि0मं0–प्रथम/नो0/निविदा/तद्दिनांक : 18/03/25

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधीक्षण अभियन्ता (वाणिज्य), प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया संलग्न निविदा सूचना को पश्चिमांचल विधुत वितरण निगम लि0, मेरठ की वेबसाइट पर डलवाने की कृपा करें
2. सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, अन्तर्गत विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम, नोएडा।
3. सहायक जनसंपर्क अधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ।
4. लेखाधिकारी, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम, नोएडा।

संलग्नक : यथोपरि ।

(विवेक कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता

SUPERINTENDING ENGINEER
Electricity Urban Distribution Circle-1
Paschimanchal Vidyut Vitran Nigam Ltd.
Noida (Gautam Buddh Nagar)

D:\Manoj Sir\Tender\NIT\Tender Publication Letter

# पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

## ई–निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्न कार्य हेतु **GeM Portal** पर ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है:–

1. GEM/2025/B/6059673, कम्प्यूटर ऑपरेटर, कुशल एवं अकुशल श्रमिक।
2. GEM/2025/B/6059142, गनमैन व डण्डामैन।

Gem Portal पर बिड अपलोड किये जाने की अन्तिम तिथि 25.03.2025 को क्रमशः 19:00 व 18:00 बजे है।

विद्युत चोरी की सूचना हैल्प लाईन नं0 1800–180–3002 (मेरठ), 1800–180–3002 (मेरठ), 1800–180–8752 (लखनऊ) एवं 9412207451 पर दें।

"राष्ट्र हित में ऊर्जा बचाऐं"

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम,
नोएडा

SUPERINTENDING ENGINEER
Electricity Urban Distribution Circle-1
Paschimanchal Vidyut Vitran Nigam Ltd.
Noida (Gautam Buddh Nagar)